प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 09.05.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- देश के उत्तरी और पश्चिमी शहरों को निशाना बनाने के पाकिस्तान के सभी प्रयासों को भारत ने असफल किया।
- प्रदेश के सीमावर्ती जिलों में तनाव को देखते हुए ब्लैक आउट घोषित किया गया–संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा और कड़ी की गई।
- कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा–किसानों में आधुनिक तकनीक और नई बीज किस्मों के बारे में जागरूकता लाने के लिए 29 मई से देशव्यापी अभियान चलाया जाएगा।
- प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर अंधड और बारिश का दौर जारी–आज भी कई जिलों में बरसात का यलो अलर्ट।

00000

देश के उत्तरी और पश्चिमी शहरों को निशाना बनाने के पाकिस्तान के सभी प्रयासों को भारत ने असफल कर दिया है। मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ के अनुसार पाकिस्तान ने अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट जम्मू–कश्मीर के सतवारी, सांबा, आरएस पुरा और अरनिया को भी निशाना बनाया। भारतीय सेना ने इस हमले को नाकाम कर दिया और जान का कोई नुकसान नहीं हुआ है। बढते तनाव के बीच गृह मंत्री अमित शाह ने सीमा की स्थिति का जायजा लेने के लिए सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक के साथ बात की। उन्होंने हवाई अड्डो की सुरक्षा के संबंध में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के महानिदेशक के साथ भी चर्चा की। इस बीच कल विशेष संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि तनाव बढाने का भारत का कोई इरादा नहीं है और पाकिस्तान में केवल आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाया गया है। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमला ही तनाव बढाने की कार्रवाई थी और भारत ने केवल उसका जवाब ही दिया है।

....

0000

प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में तनाव को देखते हुए राज्य सरकार ने कई कदम उठाए हैं। सरकार की ओर से कल दिनभर बैठकों का दौर जारी रहा। देर रात मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय बैठक भी हुई। सरकार द्वारा लिये गये निर्णयों के तहत सीमावर्ती जिलों में ब्लैकआउट घोषित किया गया है, सरकारी कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गयी हैं और संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा बढा दी गयी है। सीमावर्ती जिलों में संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता बनाये रखने के लिए वित्तीय सहायता जारी की गई है। श्रीगंगानगर, बीकानेर, जैसलमेर और बाड़मेर के लिए 5–5 करोड़ रूपए तथा फलौदी, जोधपुर और हनुमानगढ़ के लिए ढाई–ढाई करोड़ रूपये की अतिरिक्त वित्तीय सहायता जारी की गई है। इस राशि से ये जिले आपातकालीन स्थिति में आवश्यक उपकरण और सेवाएं नियोजित कर सकेंगे। वहीं सीमावर्ती जिलों में खाद्यान्न, चिकित्सा, पानी, बिजली, पुलिस और प्रशासनिक सेवाओं से संबंधित खाली पदों को तुरंत भरने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार ने सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए सरकारी कर्मचारियों के टांसफर पर लगी रोक को भी हटा दिया है।

......

सीमावर्ती जिलों से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे है। एहतियातन प्रशासन द्वारा कई दिशा निर्देश जारी किये गये है। इसी के तहत बाडमेर में शादी समारोहों में घरों, प्रतिष्ठानों और कार्यक्रम स्थलों पर रात के समय लाईटिंग और ड्रोन का इस्तेमाल नहीं करने का परामर्श जारी किया गया है। इसके साथ ही फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी के लिए हेलोजन लाईट का इस्तेमाल नहीं करने को भी कहा गया है। बलोतरा से हमारी संवाददाता ने बताया कि वहां रात 11 बजे से ब्लेक आउट रहा। जिले में आज से स्कूलों और आंगनबाडी कन्द्रों में विद्यार्थियों के अनिश्चितकालीन अवकाश की घोषणा कर दी गई है। हालांकि कक्षा 9वीं और 11वीं की परीक्षाएं होंगी। श्रीगंगानगर में स्वायत्त शासन विभाग की ओर से 15 दमकल गाडियां भेजी गई है। इसके साथ ही 10 फायर फाइटर को भी लगाया गया है। उधर जैसलमेर में कल रात को विभिन्न स्थानों पर तेज धमाकों की आवाज सुनाई दी। हमारे संवाददाता ने बताया कि जिला प्रशासन की अपील पर स्थानीय लोगों ने अपने घरों की लाईटें बंद रखी।

.....

0000

सरकार ने ओटीटी और मीडिया स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म को, पाकिस्तान की वेब–सीरीज, फिल्में और अन्य सामग्री को तत्काल प्रभाव से हटाने के निर्देश दिये है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर राष्ट्रीय सुरक्षा हित का हवाला देते हुए इस बारे में परामर्श जारी किया है।

000

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि किसानों में आधुनिक तकनीक और नई बीज किस्मों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए 29 मई से देशव्यापी अभियान 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' चलाया जाएगा। नई दिल्ली में राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन– खरीफ अभियान के दौरान श्री चौहान ने बताया कि 12 जून तक चलने वाले इस अभियान के तहत देश भर के 700 जिलों के करीब डेढ़ करोड़ किसानों तक पहुंचा जाएगा।

0000

सहकारिता विभाग और राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ की ओर सेआज से जयपुर में  राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला शुरू हो रहा है। दस दिन के इस मेले का आयोजन जवाहर कला केन्द्र में किया जाएगा। इस बार अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष की थीम पर मेले का आयोजन किया जा रहा है।

....

000

सलूंबर में उदयपुर अहमदाबाद राष्ट्रीय  राजमार्ग 48 पर एक सड़क हादसे में चार लोगों की मृत्यु हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके अलावा हादसे में कई लोगों के घायल होने के समाचार है। ये दुर्घटना हाइवे पर एक दर्जन से अधिक वाहनों के आपस में टकरा जाने से हुई। उधर हनुमानगढ़ में जंक्शन स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में विस्फोट होने से आग लग गई। हादसे में दो लोग जिंदा जल गये। आग पर कई दमकलों की मदद से करीब दो घंटें में काबू पाया गया।

0000

प्रदेश में आज कई जिलों में बरसात का यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार जयपुर, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, भीलवाडा, चित्तौडगढ, राजसमंद, उदयपुर, पाली, सिरोही, झुंझुनूं, चूरू और सीकर जिलों तथा आस–पास के क्षेत्रों में तेज सतही हवाओं के साथ हल्की बरसात हो सकती है। इससे पहले पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में कहीं–कहीं हल्की वर्षा दर्ज की गई। हनुमानगढ़, बालोतरा और सवाईमाधोपुर मे कल देरशाम बरसात हुई। पाली में कल शाम तेज अंधड के कारण बिजली के खम्भे और कई पेड गिर गये। तेज बरसात से निचले इलाकों में पानी भर गया। उधर जैसलमेर में कभी तेज तो कभी रिमझिम बारिश का दौर जारी रहा। मौसम विभाग ने आंधी बारिश की गतिविधियां दो–तीन दिन और जारी रहने की संभावना जताई है।

0000